# वित्तीय सहायता की नीति का सारांश

## वित्तीय सहायता कार्यक्रम

चिल्ड्रन्स हेल्थ सिस्टम ऑफ टेक्सास (चिल्ड्रन्स हेल्थ) इस बात को मानता है कि कम्युनिटी के बच्चों को चिकित्सकीय रूप से आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की ज़रूरत होती है। तथापि, ऐसा हो सकता है कि कम्युनिटी के कुछ बच्चों का बीमा नहीं हुआ हो, या पर्याप्त बीमा न हो, या वह सरकारी स्वास्थ्य प्रोग्रामों के लिए पात्र न हों या स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का खर्च न उठा सकते हों। बच्चों की देखभाल में मदद करने के लिए, चिल्ड्रन्स हेल्थ उन रोगियों और परिवारों को चिकित्सकीय रूप से आवश्यक सेवाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है जो पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, चाहे उनके पास बीमा हो या नहीं।

### *इसके लिए कौन पात्र हैं?*

- 26 वर्ष से कम उम्र के ऐसे रोगी जिनका किसी अन्य देश में स्थायी निवास न हो और वह अमेरिका में मौजूद हों या ऐसे रोगी के गारंटर (यानी, उनकी सेवाओं का खर्च उठाने वाले व्यक्ति) और जो वित्तीय सहायता नीति में निर्धारित पारिवारिक आय से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

### *मुझे कितनी सहायता मिल सकती है?*

आपके रोगी की परिवार की आय के अनुसार छूट की दरें अलग-अलग होती हैं। कृपया नीचे देखें:

- 301 से 400% FPG के बीच की पारिवारिक आय वाले रोगियों को 70% छूट प्राप्त होगी।
- 201 से 300% FPG के बीच की पारिवारिक आय वाले रोगियों को 85% छूट प्राप्त होगी।
- 200% FPG तक की पारिवारिक आय वाले रोगियों को 100% छूट प्राप्त होगी।
- ऐसा पात्र आवेदक जिसका पिछले 12 महीनों में स्व-भुगतान शेष पात्र आवेदक की पारिवारिक आय के 10% से अधिक है, जिसने सभी तृतीय - पक्ष के भुगतान स्रोतों को समाप्त कर दिया है, जिनकी पारिवारिक आय FPG के 400% से अधिक है, और जो स्व-भुगतान के बकाये का भुगतान करने में असमर्थ है, वह पारिवारिक आय FPG के 400% से अधिक लेकिन 500% से कम होने पर स्व-भुगतान शेष राशि के 85% के राइट-ऑफ और पारिवारिक आय 500% से अधिक होने पर स्व-भुगतान शेष राशि के 70% है के राइट-ऑफ के लिए पात्र है।

वह व्यक्ति जो वित्तीय सहायता के लिए पात्र है, उनसे आपातकालीन या अन्य चिकित्सकीय रूप से आवश्यक देखभाल के लिए अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### *मैं इसके लिए कैसे आवेदन करूँ?*

आप व्यक्तिगत रूप से या फोन पर वित्तीय सहायता एप्लिकेशन भरकर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। एप्लिकेशन पर सूचीबद्ध सहायक दस्तावेजों के साथ अपने एप्लिकेशन को नीचे दिए गए पतों में से किसी एक पर डाक से भेजें। वित्तीय काउंसलर्स भी एप्लिकेशन में आपकी मदद कर सकते हैं। आप हमारे डलास और प्लानो दोनों स्थानों पर दाखिल करने वाले विभागों में हमारे वित्तीय काउंसलर्स से मिल सकते हैं (पते, व्यावसायिक समय और फोन नंबरों के लिए नीचे देखें)।

### *क्याा आपको अधिक जानकारी चाहिए?*

चिल्ड्रन्स हेल्थ वित्तीय सहायता नीति निम्नलिखित के बारे में विस्तृत जानकारी देती है:

- वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कैसे करें।
- वित्तीय सहायता पाने के लिए कौन पात्र हैं।
- यदि आपके पास स्वास्थ्य बीमा है तो किस प्रकार की सहायता उपलब्ध है।
- यदि आपके पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है तो किस प्रकार की सहायता उपलब्ध है।

कृपया हमारी नीति, हमारी वित्तीय सहायता नीति सारांश और वित्तीय सहायता एप्लिकेशन की कॉपी प्राप्त करने के लिए हमसे संपर्क करें।

- o **चिल्ड्रन्स मेडिकल सेंटर डलास**
  1935 Medical District Drive
  Dallas, TX 75235
  - इस स्थान के व्यावसायिक समय और फ़ोन नंबर: सोमवार - शुक्रवार, सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक, 214-456-8640
- o **चिल्ड्रन्स मेडिकल सेंटर प्लानो**
  7601 Preston Road
  Plano, TX 75024
  - इस स्थान के व्यावसायिक समय और फ़ोन नंबर: सोमवार - शुक्रवार, सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक, 469-303-2191

- ऑनलाइन: https://www.childrens.com/patient-families/billing-and-insurance/financial-assistance-and-support

children'shealth